
वर्ष 42 | अंक 71 | मंगलवार 26 मार्च - डाक 27 मार्च 2024

NNS Media Group Since 1950 प्रकाशन 73 YEARS

मूल्य : ₹ 10.00 वार्षिक : ₹ 3000 ( हॉकर डिलीवरी अतिरिक्त )




दैनिक
# व्यापार केसरी

प्रेरणास्रोत : स्व. केसर सिंह गुप्ता

संपादक : राजेश गुप्ता    संवाददाता : अक्षय गुप्ता    www.nnsmediagroup.com    उद्योग-व्यापार की प्रगति में हर कदम आपके साथ




एनएनएस मीडिया ग्रुप / व्यापार केसरी से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए फोन व WhatsApp करें 8588849250, 9899632000

● कार्यालय : 'मेरी दिल्ली' 25/10, ईस्ट पंजाबी बाग, निकट नेकीराम गुप्ता पार्क, नई दिल्ली-110026 ● दूरभाष : 8588849250, 9899632000 ● Email : nnsonline@nnsonline.com ● कुल पृष्ठ 6

# छोटी-बड़ी इलायची, किशमिश, अंजीर में तेजी-हल्दी चिरौंजी में मंदा



**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** गत सप्ताह नीचे वाले भाव में मांग निकलने से छोटी इलायची 100 रुपए बढ़ गई। आयात पड़ता महंगा से बड़ी इलायची भी 50-60 रुपए तेज बोली गई। किशमिश एवं अंजीर भी नीचे वाले भाव में चालनी मांग निकलने से बढ़ गए, जबकि हल्दी सटोरियों की बिकवाली से 10 रुपए प्रति किलो टूट गई। चिरौंजी भी नए माल की दहशत में 100 रुपए घटाकर बोली गई, जबकि इन भावों में भी लिवाल नहीं थे। अन्य किराना-मेवे में मिला-जुला रख रहा।

आलोच्य सप्ताह ग्वाटेमाला के तेज समाचार आने से छोटी इलायची में निर्यातकों की मांग बढ़ गई। दूसरी ओर सप्ताह के सभी नीलामी केंद्रों पर आवक में 28-30 प्रतिशत की कमी आ गई। उधर लोकल एवं चालानी मांग निकलने से यहां जो एवरेज क्वालिटी की छोटी इलायची 1325/1330 रुपए बिकी थी, उसके भाव 1430/440 रुपए प्रति किलो हो गए। मोटे माल भी उसी अनुपात में बढ़ गए। इधर बड़ी इलायची भी नेपाल में एक बार फिर बढ़ा कर बोलने लगे तथा यहां मिति कटने के बाद बिके हुए मालों की डिलीवरी के लिए माल कम पड़ जाने से सटोरियों की मांग बढ़ गई, जिसके चलते ग्वालियर लाइन में 1300 से बढ़कर 1380 रुपए तथा यहां 1350 से बढ़कर 1420 रुपए प्रति किलो हो गई। झुंडी वाली के भाव भी इसी अनुपात में तेज बोले गए। वास्तविकता यह है कि भूटान का माल नहीं आ रहा है क्योंकि वहां माल की शॉर्टेज बन गई है नेपाल से आज की तारीख में नए सौदे करने पर 1460 रुपए का पड़ता लग रहा है, जिससे बाजार अभी और बढ़ सकता है। दूसरी ओर हल्दी, सट्टेबाजी के चलते पिछले एक पखवाड़े के अंतराल 40 रुपए प्रति किलो बढ़ने के बाद आलोच्य सप्ताह 10 रुपए टूट कर 150/151 रुपए प्रति किलो के निम्नस्तर पर आ गई। यहां से फिर बढ़ने का अंदेशा बन गया है, क्योंकि बिके मालों की डिलीवरी हेतु वायदा बाजार में कम बताई जा रही है तथा पीछे से माल नहीं मिल रहा है। नये माल की आवक गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 40 प्रतिशत मंडियों में कम बता रहे हैं। धनिया, जीरा, लाल मिर्च में पूरे सप्ताह मिला-जुला रख रहा। मेवा बाजार में अंजीर 1000/2000 रुपए प्रति 40 किलो बढ़ गया। जो माल नीचे में 18000 रुपए बिका था, उसके भाव 19000 बोलने लगे तथा एवरेज माल 25000 रुपये एवं ऊपर में 70000 रुपए तक भाव बोलने लगे हैं। किशमिश भी अंगूर के ऊंचे भाव होने से कच्चे माल ज्यादा बिक रहा है, जिससे तैयार माल की तासगांव लाइन में उसके अनुरूप प्रेशर नहीं होने से यहां 200 रुपए प्रति 40 किलो की बढ़त पर क्वालिटी के अनुसार माल बिकने के समाचार थे। अन्य किराना में मिला-जुला रख रहा।

# गुड़-चीनी में गिरावट : खांडसारी नरम

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** होली की त्योहारी मांग समाप्त से गत सप्ताह के दौरान स्थानीय बाजार में चीनी-गुड़ के भाव 100 रूतथा खांडसारी 300 रू प्रति कुंतल घट गए।

होली की त्योहारी मांग समाप्त होने तथा उत्तर प्रदेश की मिलों द्वारा भाव घटाकर सेल दिए जाने से मिल डिलीवरी चीनी के भाव 50/100 रुपए घटकर 3750/3850 रुपए प्रति कुंतल तथा हाजिर में इसके भाव 4000/4150 रुपए प्रति कुंतल रह गए। यूपी की मंडियों में मांग कमजोर होने से चीनी में कारोबार ढीला रहा।

मार्च क्लोजिंग के बाजरो में धन की तंगी बनीं हुई है। ग्राहकी कमजोर होने से गुड़ के भाव 100 रुपए, ढैया के भाव 4100/4200 रूपए प्रति कुंतल रह गए। उठाव कमजोर होने से खांडसारी के भाव 300 रूपए घटकर 4900/5000 रूपये प्रति क्विंटल रह गए। मांग कमजोर होने से शक्कर के भाव 4500 /4600 प्रति क्विंटल पर सुस्त रहे। ऊंचे भाव पर मांग घटने के कारण मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़ की कीमतों में गिरावट रही।

# गेहूं, मक्की, उड़द, तुवर, देशी चने में मंदा-चावल, बाजरा तेज

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** गत सप्ताह एमपी एवं राजस्थान में नए गेहूं की दबाव बढ़ने से यहां पुराने माल के भाव 50 रुपए और घट गए। इधर मक्की भी बिहार में फसल तैयार होने से 50-60 रुपए और नीचे आ गई। दलहनों में उड़द, तुवर, देसी चना स्टॉक के माल निकलने से 200/300 रुपए लुढ़क गए। काबुली चना 600-700 बढ़ने के बाद 300/400 रुपए घट गया। उधर बासमती व गैर बासमती चावल में घरेलू व निर्यात मांग निकलने से तेजी आ गई। बाजरा भी शॉर्टेज में 60/70 रुपए बढ़ गया।

आलोच्य सप्ताह मध्य प्रदेश के मुलताई, लिंगा, छिंदवाड़ा एवं राजस्थान के कोटा बारा रामगंज लाइन में गेहूं की आवक बढ़ जाने से यहां भी 50 रुपए घटकर 2550/2600 रुपए प्रति कुंतल पुराने माल के भाव रह गए, जबकि आटा मैदा सूजी में होली की मांग निकलने से 75/100 रुपए प्रति 50 किलो की तेजी आ गई। चोकर में भी 30-40 रुपए बढ़ाकर बोले गए। इधर मक्की भी बिहार के खगड़िया बेगूसराय मानसी जमालपुर गोगुड़ी लाइन में फसल तैयार होने से एमपी के माल में स्टॉकिस्टों की बिकवाली के चलते 50 रुपए घटकर हरियाणा पंजाब पहुंच में 2550/2575 रुपए रह गई। बिहार की मंडियों में भी 100 रुपए टूटकर 2320 रुपए भाव रह गए। दलहनों में उड़द, चेन्नई में माल उतरने तथा दाल की बिक्री लोकल व चालानी में कमजोर होने से 200 रुपए घटकर एसक्यू 9850 रुपए तथा एफ ए क्यू 9000 रुपए रह गई। तुवर भी महाराष्ट्र के हल्के-भारी माल आने तथा पूर्वी भारत की मांग दाल में ठंडी पड़ जाने से यहां 200 गिरकर 10400/10450 रुपए लेमन क्वालिटी की रह गई। महाराष्ट्र के माल में भी इसी अनुपात में गिरावट दर्ज की गई। दाल के भाव भी 300/400 रुपए नीचे आ गये। इधर देसी चना भी नये की माल की आवक एमपी राजस्थान की मंडियों में बढ़ने से यहां राजस्थानी पुराना माल 300 रुपए घटकर 5750 रुपए खड़ी मोटर में रह गया। मध्य प्रदेश का चना भी 5700 रुपए पर आ गया। इधर काबुली चना उत्पादन अधिक होने से पिछले दिनों महारा. का 7400/7700 रुपए प्रति क्विंटल रह गया था, जो उछलकर 8000/8400 रुपए बिकने के बाद सप्ताहांत में 7700/8100 रुपए रह गया। अन्य दलहनों में मिला-जुला रख रहा। दूसरी ओर बासमती प्रजाति के सभी चावल में नीचे वाले भाव पर ग्राहकी घरेलू एवं निर्यातकों की मांग निकलने से 300 रु. बढ़कर 68006900 रुपए प्रति क्विंटल हो गए। परमल आईआर-8 सहित अन्य चावलों में भी 100 रुपए का इजाफा हो गया। बाजरा शॉर्टेज में आने से 50/75 रुपए बढ़कर मौली बरवाला पहुंच में 2450/2475 रुपए बिक गया। वास्तविकता यह है कि यूपी राजस्थान की मंडियों में बाजरे की आपूर्ति पूरी तरह ठंडी पड़ गई है तथा स्टॉक में माल बहुत कम है, नई फसल आने में अभी बहुत ही लंबा समय बाकी है, जिस कारण बाजरा अभी और बढ़ सकता है।




'व्यापार केसरी' दैनिक झ्र वेबसाईट पर पढ़ने के लिए QR Code स्कैन करें
https://vyaparkesari.com/newspapers

## एक्सरे-जिंसों का
# जायफल
## आगे बढ़ने की संभावना

*अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में ऊंचे भाव होने से घरेलू के साथ-साथ निर्यात मांग उत्पादक मंडियों से होने लगी है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ऊंचे भाव से आयात का कोई चांस नहीं है, इन परिस्थितियों में यहां से बाजार 20/30 रुपए प्रति किलो निकट भविष्य में बढ़ सकता है तथा नई फसल आने तक इससे भी अधिक तेजी आ सकती है।*

*आप सुधी पाठकों को समय-समय पर जायफल की तेजी मंदी के विषय में खबरें पढ़ने को दी जाती रही हैं, उसी के तारतम्य में ताजा सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक जायफल की फसल पिछले अप्रैल-मई के महीने से चल रही है तथा उत्पादन अधिक होने से बाजार ऊपर के भाव से काफी नीचे आ चुके हैं, जिससे भारतीय जायफल के निर्यात पड़ते खपत वाले देशों के लगने लगे हैं। जायफल का उत्पादन मुख्य रूप से केरल में होता है। इसके अलावा कर्नाटक, तमिलनाडु, अंडमान-निकोबार में भी उत्पादन होता है। जैसा कि हम जानते हैं कि जायफल एवं जावित्री एक ही वृक्ष के फल एवं फूल हैं। जावित्री पहले जायफल के चारों तरफ कवच के रूप में लगी होती है, जो जैसे-जैसे फसल तैयार होता है, जायफल उसको छोड़ती जाती है एवं लाल रंग की जावित्री अलग हो जाती है तथा बीच का गुठली टाइप का फल जायफल कहलाता है। भारत विश्व में जायफल का सबसे बड़ा उत्पादक, खपत एवं निर्यातक देश बन गया है। हालांकि इंडोनेशिया में भी जायफल-जावित्री का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है, लेकिन इस बार वहां भाव ऊंचे चल रहे हैं। पिछले काफी दिनों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में जायफल के भाव 8300 डॉलर प्रति टन यानी भारतीय करेंसी के अनुसार 680 रुपए प्रति किलो के उच्च स्तर पर पहुंच हो गया है। यही कारण है कि भारतीय जायफल का निर्यात अमेरिका, यूरोप, मिडिल-ईस्ट, चीन समेत विश्व के 35-40 देशों को हो रहा है, क्योंकि भारतीय जायफल का एक्सपोर्ट वहां जाकर 6950 डॉलर प्रति टन के ऊंचे पड़ते में हो रहा है, जिस कारण से इस समय भाव जायफल के घटकर 520/525 रुपए प्रति किलो के निम्न स्तर पर आ गए हैं, जो एक पखवाड़े पहले 490/495 रुपए तक ऊपर में बिका था। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार ऐसा अनुमान है कि अप्रैल माह में जायफल के भाव बढ़कर 550 रुपए प्रति किलो यहां हो जाएंगे, जो वर्तमान में 520/522 रुपए चल रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि निर्यातकों की लगातार मांग चलने से केरल में भी स्टॉक अब काफी कम रह गया है तथा इसका नया उत्पादन अप्रैल में ही होगा। यानी अभी डेढ़ महीने से अधिक समय बाकी है। अत: वर्तमान भाव पर व्यापार करना लाभदायक रहेगा।*

# तेल मिलों की खरीद कमजोर होने से सरसों के भाव नरम, दैनिक आवकों में कमी

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** तेल मिलों की खरीद कमजोर होने के कारण घरेलू बाजार में शनिवार को सरसों के भाव नरम हो गए। जयपुर में कंडीशन की सरसों के भाव 25 रुपये कमजोर होकर दाम 5,475 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। इस दौरान सरसों की दैनिक आवक घटकर 11 लाख बोरियों की ही हुई।

विश्व बाजार में सप्ताहांत में खाद्यय तेलों की कीमतों में मंदा आया था। व्यापारियों के अनुसार प्रमुख पाम तेल उत्पादक देशों मलेशिया और इंडोनेशिया में आगामी दिनों में उत्पादन में बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जिस कारण विश्व बाजार में खाद्यय तेलों की कीमतों में बड़ी तेजी के आसार कम है। ग्राहकी कमजोर होने से घरेलू बाजार में सरसों तेल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई, जबकि इस दौरान सरसों खल के भाव भी नरम हुए।

ब्रांडेड तेल मिलों ने सरसों की खरीद कीमतों में 25 से 50 रुपये प्रति क्विंटल की कटौती की।

उत्पादक मंडियों में शनिवार को सरसों की दैनिक आवकों में गिरावट दर्ज की गई। व्यापारियों के त्योहारी सीजन के साथ ही मार्च क्लोजिंग के कारण जहां सरसों की दैनिक आवक



प्रभावित हुई है, वहीं मिलें भी केवल जरुरत के हिसाब से ही खरीद कर रही है। मौसम अनुकूल रहा तो सरसों की दैनिक आवक उत्पादक मंडियों में अभी बराबर बनी रहने का अनुमान है। वैसे भी चालू रबी में सरसों का उत्पादन अनुमान ज्यादा है तथा किसान माल नहीं रोक रहे हैं। दैनिक आवकों का देखते हुए तेल मिलें भी केवल जरुरत के हिसाब से ही खरीद कर रही हैं। हालांकि खपत का सीजन होने के कारण सरसों तेल में मांग अभी बनी रहेगी, लेकिन इसकी कीमतों में तेजी, मंदी काफी हद तक आयातित खाद्यय तेलों के दाम पर ही निर्भर करेगी।

विश्व बाजार में सप्ताहांत में जहां मलेशियाई एक्सचेंज में पाम तेल के दाम कमजोर हुए थे, वहीं इस दौरान शिकागो में भी सोया तेल की कीमतों में मंदा आया था। डालियान में सोया के साथ ही पाम तेल के दाम के दाम कमजोर हुए थे।

जयपुर में सरसों तेल कच्ची घानी और एक्सपेलर की कीमतों में शनिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। कच्ची घानी सरसों तेल के भाव 14 रुपये कमजोर होकर दाम 1,026 रुपये प्रति 10 किलो रह गए, जबकि सरसों एक्सपेलर तेल के दाम भी 14 घटकर भाव 1,016 रुपये प्रति 10 किलो रह गए। जयपुर में शनिवार को सरसों खल की कीमतें पांच रुपये कमजोर होकर दाम 2,480 रुपये प्रति क्विंटल रह गए।

देशभर की मंडियों में सरसों की दैनिक आवक घटकर 11 लाख बोरियों की ही हुई, जबकि पिछले कारोबारी दिवस में आवक 14.25 बोरियों की हुई थी। कुल आवकों में से प्रमुख उत्पादक राज्य राजस्थान की मंडियों में नई सरसों की 6.25 लाख बोरी, जबकि मध्य प्रदेश की मंडियों में 1.25 लाख बोरी, उत्तर प्रदेश की मंडियों में एक लाख बोरी, पंजाब एवं हरियाणा की मंडियों में 75 हजार बोरी तथा गुजरात में 40 हजार बोरी, एवं अन्य राज्यों की मंडियों में 1.35 लाख बोरियों की आवक हुई।

# वायदा में मंदे से ग्वार में गिरावट-चूरी मजबूत

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** मांग कमजोर होने से गत सप्ताह के दौरान जोधपुर मंडी में ग्वार के भाव 100 रूपये प्रति क्विंटल घट गये। सप्लाई कमजोर होने से ग्वार चूरी की कीमतों में स्थिरता रही।

मार्च क्लोजिंग के कारण धन की तंगी बढ़ने के कारण गम पाउडर निर्माताओ की लिवाली कमजोर होने से ग्वार के भाव 100 रूपए घटकर 5100/5150 रुपए प्रति कुंतल रह गए। निर्यात मां के साथ-साथ घरेलू कुछ फर्क कमजोर होने से ग्वार गम के भाव 200 रूपए घटकर 10100/10150 रुपए प्रति कुंतल रह गए। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सीमित लिवाली बिकवाली बढ़ने से क्रूड ऑयल की कीमतों में मामूली उतार चढ़ाव बना रहा। पशु आहार वालों की मांग निकलने से हाजिर में माल की कमी के कारण ग्वार चूरी के भाव 2800/2850 रुपए प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। अहमदाबाद मंडी में भी मांग घटने से ग्वार गम के भाव 200 रूपये घटकर 10100/10150 रूपये प्रति कुंतल रह गया। उठाव कमजोर होने से ग्वार के भाव 100 रूपए घटकर 5050/5100 रूपये प्रति क्विंटल पर आ गया। सटोरिया लिवाली घटने से एनसीडीईएक्स ग्वार वायदा अप्रैल 5238 से घटकर 5160 रुपए तथा ग्वार गम 10155 से घटकर 10140 रूपये प्रति क्विंटल रह गए। हाल ही में आई गिरावट को देखते हुए भविष्य में इसमें और गिरावट की गुंजाइश नहीं लग रही है।

DIGITAL MOISTURE METER

नेशनल डिजिटल माइस्चर मीटर पूरे भारत और विदेशों में जाना पहचाना है। माल मीटर के अंदर डालो और बटन दबाकर माल की नमी (गिल) : MOISTURE पढ़ो। सिर्फ 40 सेकेन्ड के अंदर माल की नमी का पता लगेगा।
नेशनल मीटर सैल से चलता है – बस एक बार डालो तो साल भर बदलने की जरूरत नहीं पड़ती।
नेशनल मीटर की मदद से
• तिलहन – Oilseeds
• अनाज – Grains
• दलहन साबुत – Pulses Whole
• दलहन दाल – Pulse Dal
• सब्जी बीज – Vegetable Seed
• साबुत मसाले – Spice Whole
• मेवे – Dry Fruits
• फ्रायम – Fryums
• खली ढेंप – Cakes
• DOC – De-Oil Cakes



इत्यादि सभी माल की अंदर की नमी का पता लगा सकते हैं।
NATIONAL INSTRUMENTS (INDIA)
7, 8, 9, Gunatit Industrial Estate, Opp. Atladara Rly Station, Atladara, Vadodara - 390012 Gujarat
Atul Khakher - 9825075557, 9824075557, 9824375557 • Service - 9824775557
Telephone: +91-265-2681518, 7573041981, 2, 3, 4
E-mail: nationalbaroda@gmail.com, nationalbaroda@yahoo.com
Web: www.nationalbaroda.com, www.nationalbaroda.in, www.nationalbaroda.net
NATIONAL MARKETING VADODARA















# भाव-भविष्य

मुनाफा | घाटा | स्थिर

## मुनाफे-घाटे वाले प्रमुख जिंस सायं 7:30 बजे तक

## गेहूं-अब तेजी का समय नहीं

2600 ↕ 2600

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** गेहूं का उत्पादन अधिक होने के अंदेशे से स्टॉक के माल तेजी से निकलने लगे हैं यही कारण है कि चालू सप्ताह के अंतराल ?50 घटकर 2550 2600 रुपए प्रति कुंतल भाव रह गए हैं मुलताई लाइन में आज गर्मी बढ़ने से आवक और बढ़ गई उधर राजस्थान के कोटा 12 लाइन में भी आज आवक अधिक बताई गई इसे देखते हुए इसमें अगले सप्ताह ?50 और निकल जाएंगे।

## चावल-स्टॉकिस्टों एवं निर्यातकों की मांग बढ़ी

7000 ↑ 6900

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** यूपी हरियाणा पंजाब राजस्थान सभी उत्पादक मंडियों में धान की आवक पूरी तरह समाप्त हो गई है। दूसरी ओर निर्यातक व स्टॉकिस्ट दोनों ही खरीद करने लगे हैं, जिससे चालू सप्ताह के अंतराल 300-400 रुपए प्रति क्विंटल सभी तरह के बासमती प्रजाति के चावल में तेजी आ गई है। यहां 1509 सेला चावल 6900/7000 रुपए प्रति क्विंटल बिक गया है तथा स्टीम चावल 8200 रुपए हो गया है। वास्तविकता यह है कि पिछले 3 महीने से लगातार गिरावट के बाद अधिकतर माल स्टॉकिस्टों के कट चुके हैं तथा जो धान मीलिंग में जा रहा है, उसके पड़ते वर्तमान भाव से अभी भी 350 रुपए महंगे पड़ रहे हैं, जिससे बाजार अभी और तेज लग रहा है।

## मक्की- वर्तमान भाव में माल बेचिए

2550 ↕ 2550

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** गत 5-6 दिनों में मक्की में रैक वालों की मांग ठंडी पड़ जाने से 50/60 रुपए की गिरावट आ गई है, जिसके चलते दिल्ली एनसीआर सहित हरियाणा पंजाब की मंडियों में हाल ही में नरमी बन गयी है। मध्य प्रदेश की मंडियों में 2200/2210 रुपए का व्यापार हो रहा है तथा रैक पॉइंट पर 2240/2250 रुपए तक माल लोडिंग में बोल रहे हैं, बिहार की मंडियों में भी 2300/2325 रुपए मक्की के भाव हो गए हैं, अभी वर्तमान भाव की मक्की में माल बेचकर मुनाफा कमाना चाहिए। अगले महीने तक कोई मक्की की फसल आने वाली है। बिहार के खगड़िया बेगूसराय गुलाब बाग दरभंगा आदि उत्पादक क्षेत्रों में मक्की की बिजाई बढ़िया हुई है इसलिए हर बढ़े भाव में माल बेचना चाहिए।

## बाजरा-व्यापार में रिस्क नहीं

2440 ↕ 2430

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** बाजरे में बाहरी ट्रेड के कारोबार करने वाले व्यापारियों के माल कट चुके हैं, इसलिए शॉर्टेज में आ गया है। चालू सप्ताह के अंतराल मौली बरवाला पहुंच पोल्ट्री उद्योग की तथा उत्पादक मंडियों से डिस्टलरी प्लांटों की मांग बढ़ जाने से यहां आपूर्ति घटकर आधी रह गई। यही कारण है कि जो बाजार राजस्थान से मौली बरवाला पहुंच में 2400 रुपए बिका था, उसके भाव 2450/2475 रुपए प्रति कुंतल हो गए। तथा अभी भी व्यापार में कोई रिस्क नहीं दिखाई दे रहा है, क्योंकि नया बाजार निकट भविष्य में आने वाला नहीं है।

## मसूर- अब तेजी का समय नहीं

6125 ↕ 6125

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** कनाडा की मसूर लगातार वर्तमान भाव में पर उतर रही है तथा वहां से पहले ही निर्यातक पड़ते में माल खरीद चुके हैं, जो यहां 6070/6125 रुपए प्रति कुंतल आकर बिक रही है। इस माल के आने से मुंगावली गंज बासौदा लाइन की मसूर का स्टाक कम होने के बावजूद भी बाजार दबा हुआ है। यहां बिल्टी में मसूर 6175/6200 रु प्रति क्विंटल के आसपास बिक रही है। इधर अभी सब्जियो के भाव नीचे हैं, जिस कारण और तेजी का व्यापार नहीं करना चाहिए। इसकी नई मसूर वहां मौसम साफ होने से तेजी से आएगी, इसलिए खपत के लिए समय कम है।

## उड़द-और मंदे की गुंजाइश नहीं

9950 ↑ 9850

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** उड़द की नई फसल आने में अभी काफी समय बाकी है, उससे पहले पाइप लाइन में ज्यादा माल नहीं है। वर्तमान में जो मंदा चल रहा है, वह केवल ग्राहकी के अभाव के चलते आया हुआ है। आज के तारीख में रंगून से आयात करने पर ढाई रुपए किलो महंगा पड़ रहा है। चेन्नई से भी कोई विशेष पड़ता नहीं है दिल्ली एनसीआर में किसी के पास स्टॉक नहीं है, सभी दाल मिले हैंड टू माउथ चल रही हैं, इन परिस्थितियों में 99.5 रुपए एसक्यू एवं 91.75 रुपए के एफ ए क्यू में कोई जोखिम नहीं है, भले ही कुछ दिन बाजार ज्यादा नहीं बढ़ पाए।

## मूंग-कुछ दिन माल की कमी

8900 ↕ 8900

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** मूंग का उत्पादन राजस्थान में प्रचुर मात्रा में हुआ है, महाराष्ट्र एवं आंध्र प्रदेश में भी पर्याप्त मात्रा में किसानों एवं दाल मिलों के पास पड़ा हुआ है। पिछले दिनों आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में ऊंचे भाव देखकर स्टॉकिस्ट प्रतिस्पर्धात्मक खरीद कर लिए थे, जिससे सीजन में ही राजस्थानी मूंग वहां जाकर ऊंचे भाव में बिक गई। नागौर दौसा डीडवाना मेड़ता शेखावाटी जोधपुर सभी उत्पादक क्षेत्रों से मूंग की आवक लगातार बढ़ने लगी है, जिससे अभी कुछ दिन तक मूंग में और तेजी नहीं लग रही है। वर्तमान में राजस्थान की मूंग 8300 से 8900 रुपए प्रति कुंतल के बीच चल रही है। दाल की बिक्री को देखते हुए मूंग में और लंबी तेजी का भी व्यापार नहीं करना चाहिए।

## तुवर-ज्यादा घट बढ़ नहीं

10550 ↑ 10400

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** तुवर की फसल महाराष्ट्र कर्नाटक आंध्र प्रदेश सभी साउथ एवं पश्चिम के राज्यों में चल रही है। महाराष्ट्र में दागी व नमी के अनुसार 100/106 रुपए प्रति किलो के बीच बिकवाल आने लगे हैं। यहां भी लेमन तुवर माल की कमी से 105 रुपए प्रति किलो बिक हो गई है। वास्तविकता यह है कि बर्मा से माल मगांने पर कोई आयात पड़ता नहीं है, चेन्नई में भी ज्यादा माल नहीं है। महाराष्ट्र की फसल फेल हो गई है। यही कारण है कि नीचे के भाव आने के बाद बाजार टूट नहीं रहा है, लेकिन एक बार माल बेचकर मुनाफा कमा नलेना चाहिए।

दैनिक रूप से प्रकाशित होने वाला यह भाव-भविष्य पृष्ठ सायं 7:30 बजे तक की मंदा-तेजी के आधार पर तैयार किया गया है। यदि इसके लिए पाठक कोई नया सुझाव देना चाहें तो सादर आमंत्रित हैं।
मो.: 9873161539 ( संपादकीय )
E-mail: nnsonline@nnsonline.com

शेष भाव-भविष्य पृष्ठ संख्या 3 और 4 पर देखें

# आयात पड़ते महंगे होने से उड़द एवं अरहर और चना में तेजी, मसूर तथा मूंग स्थिर

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** आयात पड़ते महंगे होने के कारण दाल मिलों की खरीद से घरेलू बाजार में शुक्रवार को उड़द के साथ ही अरहर एवं चना की कीमतों में तेजी आई, जबकि इस दौरान मसूर तथा मूंग की कीमतें स्थिर बनी रही।

सूत्रों के अनुसार चेन्नई बंदरगाह पर 11 से 19 मार्च के दौरान कुल 20,425 टन आयातित दलहन आई, जिसमें सबसे ज्यादा मात्रा म्यांमार से 405 कंटेनरों में 10,125 टन उड़द थी। इसके अलावा थाईलैंड से दो कंटेनर उड़द के 50 टन माल लेकर आए। इस दौरान म्यांमार से 276 कंटेनरों में 6,900 टन लेमन अरहर, मोजाम्बिक से 725 टन अरहर, कनाडा से 375 टन मसूर के अलावा अमेरिका से 75 टन मसूर तथा 1,125 टन पीली मटर की आवक कनाडा से हुई।

चेन्नई में बर्मा की उड़द एफएक्यू और एसक्यू की कीमतों में सुधार आया। साथ ही दौरान लेमन अरहर की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। उड़द एफएक्यू के भाव अप्रैल शिपमेंट के 5 डॉलर तेज होकर दाम 1,035 डॉलर प्रति टन, सीएडंएफ हो गए, जबकि इस दौरान एसक्यू उड़द के भाव पांच डॉलर बढ़कर 1,120 डॉलर प्रति टन, सीएडंएफ हो गए। चेन्नई में लेमन अरहर के दाम 20 डॉलर तेज होकर दाम 1,260 डॉलर प्रति टन, सीएडंएफ हो गए। चेन्नई में उड़द की कीमतों में डॉलर में हल्का सुधार आया, इसलिए घरेलू बाजार में उड़द की कीमतें लगातार दूसरे दिन तेज हुई। व्यापारियों के अनुसार आयात पड़ते महंगे होने के कारण उड़द की कीमतों में हल्का सुधार तो और भी बन सकता है, लेकिन बड़ी तेजी की उम्मीद नहीं। वैसे भी उड़द दाल में खुदरा एवं थोक मांग सामान्य की तुलना में कमजोर है, जबकि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में नई उड़द की आवक पहले की तुलना



में बढ़ी है। आगामी दिनों में बर्मा में नई फसल की आवकों में बढ़ोतरी होगी, जिस कारण इसका आयात बढ़ने की उम्मीद है। वैसे भी सरकार की सख्ती को देखते हुए दाल मिलें उड़द की खरीद जरुरत के हिसाब से ही कर रही हैं, तथा मार्च क्लोजिंग एवं त्योहार के कारण भी घरेलू बाजार में व्यापार सीमित ही हो रहा है।

घरेलू बाजार में आयातित के साथ ही देसी अरहर की कीमतें तेज हुई। लेमन के दाम डॉलर में चेन्नई में तेज हुए है, जिस कारण आयात को मौजूदा कीमतों में पड़ते नहीं लग रहे। ऐसे में इसकी कीमतों में हल्का सुधार और भी बन सकता है। हालांकि थोक के साथ ही खुदरा में अरहर दाल में ग्राहकी उम्मीद के अनुसार बढ़ नहीं पा रही है। केंद्र सरकार लगातार दलहन की कीमतों की लगातार समीक्षा कर रही है जबकि घरेलू मंडियों में देसी अरहर की आवक अभी बनी रहेगी। आगामी दिनों में म्यांमार के साथ ही अफ्रीकी देशों से अरहर का आयात बढ़ेगा। ऐसे में इसके भाव में अभी एकतरफा बड़ी तेजी मानकर व्यापार नहीं करना चाहिए। हालांकि प्रमुख उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में अरहर के उत्पादन अनुमान में कमी आने की आशंका है।

नीचे दाम पर स्टॉकिस्टों की सक्रियता से दिल्ली में चना के भाव में तेजी आई है, हालांकि व्यापारी अभी इसके भाव में बड़ी तेजी की उम्मीद नहीं कर रहे। उत्पादक राज्यों में मौसम साफ रहा तो फिर नए चना की आवकों में अगले सप्ताह से बढ़ोतरी होगी। उत्पादक मंडियों में चना के दाम समर्थन मूल्य से ऊपर है, जिस कारण मौजूदा कीमतों में दाल मिलें जरुरत के हिसाब से ही खरीद कर रही है। हालांकि चालू सीजन में चना का उत्पादन अनुमान कम है, लेकिन एक बार आवकों का दबाव बनने पर कीमतों में मंदा आयेगा। खपत का सीजन होने के कारण चना दाल एवं बेसन की मांग अभी बनी रहेगी।

मुंबई में कनाडा की पीली मटर के दाम 4,150 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए। इस दौरान हजिरा बंदरगाह पर रसिया की पीली मटर के दाम 4,025 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। मुंद्रा बंदरगाह पर रसिया की पीली मटर के भाव 4,025 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए।

दिल्ली में देसी मसूर के साथ ही बंदरगाह पर आयातित की कीमतें स्थिर हो गई। चालू सप्ताह में इसके भाव तेज हुए थे, हालांकि उत्पादक राज्यों में मौसम अनुकूल रहा तो नई मसूर की आवक अगले सप्ताह से बढ़ जायेगी। मध्य प्रदेश के साथ ही उत्तर प्रदेश की मंडियों में अप्रैल के पहले सप्ताह में नई फसल की आवकों का दबाव बनेगा। वैसे भी चालू रबी में मसूर की बुआई पिछले साल की तुलना में बढ़ी है, जिस कारण उत्पादन अनुमान भी ज्यादा है। इसलिए इसके भाव में बड़ी तेजी के आसार नहीं है। हालांकि आयातकों के पास उंचे भाव का स्टॉक है, तथा उत्पादक मंडियों में पुरानी देसी मसूर की स्टॉक सीमित मात्रा में ही बचा हुआ है।

मूंग के भाव उत्पादक राज्यों में दूसरे दिन भी स्थिर बने हुए हैं। व्यापारियों के अनुसार खपत का सीजन होने के कारण मूंग दाल में मांग अभी बनी रहेगी, वैसे भी रबी सीजन में इसकी बुआई पिछले साल की तुलना में कम हुई थी, जिस कारण उत्पादन अनुमान कम है। हालांकि उत्पादक राज्यों में आगामी दिनों में नई मूंग की दैनिक आवक बढ़ेगी, तथा अगले सप्ताह से इसकी आवकों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसलिए मौजूदा कीमतों में सीमित तेजी, मंदी बनी रह सकती है। चालू समर सीजन में मूंग की बुआई पिछले साल की तुलना में बढ़ी है।

चेन्नई में एसक्यू उड़द फसल सीजन 2023/24 के दाम 100 रुपये तेज होकर 9,500 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। इस दौरान एफएक्यू के दाम 25 रुपये बढ़कर 8,925 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

दिल्ली में एसक्यू उड़द फसल सीजन 2023/24 के दाम तेज होकर 9,950 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। इस दौरान एफएक्यू के दाम 75 रुपये तेज होकर 9,200 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

मुंबई में उड़द एफएक्यू के दाम 50 रुपये तेज होकर भाव 8,900 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

इंदौर मंडी में बोल्ड उड़द के भाव 8,100 से 8,800 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए।

चेन्नई में लेमन अरहर के दाम फसल सीजन 2024 के 100 रुपये तेज होकर दाम 10,150 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

देसी अरहर की कीमतें सोलापुर, अकोला, कुरनूल और रायपुर में तेज हुई। मुंबई में लेमन अरहर के दाम शाम के सत्र में 10,150 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए।

दिल्ली में लेमन अरहर के दाम शाम के सत्र में 150 रुपये बढ़कर 10,150 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

मुंबई में अफ्रीकी देशों से आयातित अरहर की कीमतें स्थिर से तेज हुई। सूडान से आयातित अरहर के दाम 100 रुपये तेज होकर 10,200 से 10,300 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। इस दौरान गजरी अरहर के भाव 9,250 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए। मतवारा अरहर के भाव 9,150 से 9,250 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। सफेद अरहर की कीमतें 9,400 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गई।

दिल्ली में देसी मसूर के दाम 6,300 से 6,325 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए।

कनाडा की मसूर की कीमतें कंटेनर में 6,150 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए। ऑस्ट्रेलिया की मसूर की कीमतें कंटेनर में 6,050 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गई। मुंद्रा बंदरगाह पर कनाडा की मसूर के दाम 5,950 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए। इस दौरान हजीरा बंदरगाह पर कनाडा की मसूर के भाव 5,975 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

दिल्ली में राजस्थान लाइन के चना के दाम 75 रुपये तेज होकर 5,925 से 5,950 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। इस दौरान मध्य प्रदेश लाइन में चना के भाव 75 रुपये बढ़कर 5,875 से 5,900 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। राजस्थान लाइन के नए चना के दाम 75 रुपये तेज होकर 5,825 से 5,850 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। इस दौरान मध्य प्रदेश लाइन के नए चना के भाव 75 रुपये बढ़कर 5,800 से 5,825 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

लातूर मंडी में चमकी मूंग के दाम 6,500 से 8,000 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए। जयपुर मंडी में मूंग के बिल्टी भाव 8,100 से 8,850 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर हो गए। इंदौर में मीडियम मूंग के दाम 7,500 से 8,000 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर बने रहे।

**इस रिपोर्ट पर यदि आपकी कोई प्रतिक्रिया हो तो कृपया मेल nnsonline@nnsonline.com या whattsapp. 8588849250 पर भेज सकते हैं।**

## अनाज, दाल-दलहन, सर्राफा-विविध

### अनाज ( प्रति क्विं. )

( अतुल कुमार अनुज कुमार : 9891089144 )

**नईदिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस ) गेहूं** एमपी देशी 3400/3600, दड़ा (मिल पहुंच) 2550/2570, चक्की (पहुंच) 2580/2600, **आटा** चक्की (10 किलो)( **जीएसटी सहित** ) 300/305, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1440/1455, मैदा (50 किलो) 1500/1525, सूजी (50 किलो) 1550/1580, चोकर (48 किलो) 1140/1150, **चावल:** बासमती लालकिला 14600, स्वाद 11000, शरबती सेला 5050/5200, स्टीम 5400/5500, (1121 नं.) चावल सेला 8000/8200, स्टीम 9000/9200, सोर्टेक्स 9300/9400, (1509 नं.) चावल सेला 6900/7000, स्टीम 7600/7700, बासमती (1718) सेला 7500/7600, ताज 5300/5400, परमल कच्चा 3350/3450, ब्रोकन (25 प्रश.) 3150/3250, वंड 3650/3750, पीआर- (11) सेला 4400/4500, आईआर (8) 3350/3400, **बाजरा:** कैटलफीड 2440/2450, **ज्वार:** पीली 2500/2600, सफेद 3500/3550, **मक्की:** एमपी 2515/2525, बिहार 2590/2600, **जौ:** 2050/2075


SAGAR CHAND PRABHU DAYAL
S.P. KING BASMATI

| | New |
|---|---|
| 26kg PREMIUM WAND | 9000/- |
| 26kg TITENIUM II | 7000/- |
| 26kg PLATINUM S/TIBAR | 5800/- |
| 30kg CRYSTAL TIBAR | 5300/- |
| 30kg DIAMOND S/DUBAR | 4700/- |
| 30kg GOLD DUBAR | 4200/- |
| 26kg SILVER MONGRA | 3500/- |
| 26kg REGULAR | 3300/- |
| 30kg ROZANA | 6500 |

M. : 9310218442, 9313226809
ALL QUALITY STEAM 1401 BASMATI RICE

श्री कन्हैया जी ट्रेडिंग कंपनी
स्पेशलिस्ट :- गेहूँ, बाजरा, मक्का, मूंग
Ph.: 011-47067571,
Mob.: 9350726708, 9999718811, 9350966038, 9313160019,
Email: KTC.pramod@gmail.com
जी - 3, लॉरेन्स रोड इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली - 110035

राकेश कुमार निधीष कुमार
विजय सिंघल 8527128629
राजीव सिंघल 8527672650
विपिन सिंघल 9555167301
अनाज, दलहन, तिलहन स्पे. गेहूँ
G-2,Lawrence Road Ind. Delhi-35


### लारेंस रोड के भाव

**नईदिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** सरसों 5200/5250, गेहूं 2560/2600, जौ 2050/2100, बाजरा 2420/2430, मक्की एमपी 2515/2525, बिहार 2575/2600, चना एमपी 5775/5800, राजस्थान 5800/5850, चनादाल 6800/6900, उड़द देसी 9000/9300, एफएक्यू 9175/9200, एसक्यू 9925/9950, मसूर छोटी 6175/6325, मोटी विदेशी 6075/6100, देशी बिल्टी 6150/6200, मूंग एमपी 8000/8300, यूपी ×, राजस्थान 8300/9000, अरहर रंगून 10540/10550 महाराष्ट्र-कर्नाटक 9900/10650

### नजफगढ़

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** गेहूं 2400/2450, बाजरा ×, सरसों 4800/4900, धान-1509 नं. 3500/3600, धान 1121 नं. 4500/4600, धान-1718 नं. 3900/4000

### नरेला

**नई दिल्ली, 25मार्च ( एनएनएस )** गेहूं 2425/2450, धान 1121 नं. 4300/4400, धान 1509 नं. 3500/3600, शरबती ×, धान 1718 नं. 3700/3800, सरसों 4800/4900

### सर्राफा

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** (जीएसटी सहित) **चांदी ( किलो ):** हाजिर (999) 76000, वायदा (मई) 74800, **सिक्का** (प्रत्येक): 1020/1030, **सोना ( 10 ग्राम ):** किलोबार (999.5 टंच) 67700, बिस्कुट 67975, स्टैन्डर्ड (999.9 टंच) 68000, आभूषण (22 कैरेट/खर्च रहित) 62400, गिन्नी (प्रत्येक) 51600

### सर्राफा ( मेरठ )

**नईदिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस ) चांदी ( किलो ):** हाजिर 76500, **सोना ( 10 ग्राम ):** किलोबार 67700, स्टैन्डर्ड 68000

### ग्वार-गम-चूरी

( महावर इंटरप्राइजेज: 9311471926 )

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस ) ग्वार** (क्विं.): अहमदाबाद 5050/5100, जोधपुर 5100/5150, **गम** (क्विं): अहमदाबाद 10100/10150, जोधपुर 10100/10150, **चूरी** (क्विं): अहमदाबाद 2800/2850, जोधपुर 2800/2850

### मुर्गी दाना

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** डी-राइसब्रान 1460/1480, मक्की एमपी/बिहार 2575/2675, मक्की ग्राइंडिड 2625/2725, सोया 4350/4450, एमसीपी 5800, डी-खल मूंगफली 3100/3400, डी-सूरजमुखी 2450/2500


KAMLESH KUMAR JAIN & CO.
गेहूँ, मक्का बाजरा, जई, चोकर व चावल के थोक अनुभवी व्यापारी
Mob.: 9811105921/24/26
Email: anujain_1994@rediffmail.com
G-2, Lawrence Road, Industrial Area, Delhi - 35


### दाल-दलहन

( श्री नारायणी सेल्स कार्पो. : 8384088471 )
( परमानंद एंड संस प्रा. लि.: 27188883-4 )

**उड़द कच्चा:** देशी 8950/9250, रंगून एफएक्यू 9175/9200, एसक्यू 9925/9950, **दाल उड़द:** छिलका (लोकल) 10300/10700, बढ़िया 11200/11500, धोया लोकल 10000/10800, बढ़िया 11200/11400, **मूंग कच्ची:** राजस्थान 8300/9000, यूपी 7500/8000, एमपी 7800/8200, **दाल मूंग:** छिलका 9500/9900, बढ़िया 10500/11700, **मूंग धोया:** लोकल 8900/9700, बढ़िया 9900/11000, **मसूर कच्ची:** छोटी 6175/6325, मोटी विदेशी 6075/6100, देशी बिल्टी 6175/6200, **दाल मसूर:** लोकल 6900/7000, बढ़िया 7100/7200, **मलका:** लोकल 6700/6800, बढ़िया 6900/7100, **मोठ** 6300/6350, **अरहर:** रंगून 10540/10550, देशी महाराष्ट्र 9900/10700, **दाल अरहर:** दड़ा 13600/13800, पटका 14200/14700, **चना ( खड़ी मोटर )** राजस्थान 5850/5875, एमपी 5775/5800, **चनादाल:** लोकल 6800/6850, बढ़िया 7000/7100, **बेसन** (35 किलो) (जीएसटी अतिरिक्त): एग्रोप्योर 2780


PAN BRAND
Besan | Pulses
Chana Dal 7225
Besan (35 kg)-2790
Besan (10 kg bag of 1 kg)-860
Besan (10 kg bag of 1/2 Kg)-870
Besan (4.8 kg bag of 160 gram)-425
Sooji - 460, Maida - 460
Dalia - 460, Poha - 690
Mustard Oil - 117/- Per Ltr. (including gst)
Parmanand & Sons Food Products Pvt. Ltd.
Head Off.: A-23/1, Industrial Area, Lawrence Road, Delhi-35
Phone: 011-27188883-84
E-mail: info@panbrand.co.in
Website: www.panbrand.org


प्रहलादराय मनोज कुमार ( 23924904 )

**राजमा चित्रा:** चीन 10000/12500, ब्राजील 12100/12300, पुणे 9700/13300, राजमा भूटान 9300/9500, **काबली चना:** छोटा 6800/7200, मीडियम 7800/8100, मोटा 11400/12500, **लोबिया:** ब्राजील 8200/8300, लाल 6900/7000, **मटर:** सफेद देशी 4800/4900, विदेशी ×, हरी मटर देशी 6000/6200

# यूक्रेन का समुद्री मार्ग से कृषि निर्यात 29.50 लाख टन पर पहुंचा : कृषि मंत्रालय

**कीव, 25 मार्च।** समुद्री रास्ते द्वारा यूक्रेन का कृषि उत्पाद निर्यात चालू मार्च महीने के आरंभिक पखवाड़े में 29.50 लाख टन पर पहुंच गया। यह जानकारी कृषि मंत्रालय द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों से मिली। मंत्रालय ने आगे बताया कि कृषि उत्पाद निर्यात में मक्की की सबसे अधिक हिस्सेदारी रही। कृषि मंत्रालय ने हालांकि कोई तुलनात्मक आंकड़ा जारी नहीं किया है। बीते फरवरी महीने में समुद्री रास्ते से यूक्रेन का कृषि निर्यात कुल 63.80 लाख टन रहा था।

मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार आलोच्य मार्च महीने के आरंभिक पखवाड़े में कुल करीब 12.70 लाख टन मक्की का निर्यात हुआ। गेहूं की 9,81,687 टन, जौ की 2,38,562 टन, सूरजमुखी तेल की 2,34,015 टन तथा सोयाबीन की 1,16,136 टन हिस्सेदारी रही। गौरतलब है कि यूक्रेन अपने करीब 95 प्रतिशत कृषि उत्पादों का निर्यात काला सागर या डानुबे बंदरगाहों द्वारा करता है। निर्यात पर निगरानी रखने वाले तथा निर्यात आंकड़ों का प्रकाशन करने वाले स्पाईक ब्रोकर्स, ने कहा है कि एक महीना पूर्व की तुलना में इस महीने यूक्रेन समुद्री मार्ग से यूक्रेन के कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत तक की गिरावट आने की आशंका है। मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि समीक्षागत मार्च महीने की आरंभिक पंद्रह दिनों की अवधि में पश्चिमी सीमाओं के माध्यम से यूक्रेन का रेलवे के माध्यम से कुल 3,14,462 टन निर्यात हुआ है। गत फरवरी महीने में रेल मार्ग से कुल 7,33,861 टन कृषि उत्पादों का निर्यात हुआ था। इन आंकड़ों में आगे बताया है कि यूक्रेन ने लॉरी के माध्यम से भी चालू महीने की आलोच्य अवधि में 71,689 टन खाद्य उत्पादों का निर्यात किया है। पिछले महीने इसकी 1,53,673 टन मात्रा का निर्यात हुआ था। (31)


महालक्ष्मी ट्रेडर्स
ब्रोकर एण्ड कन्वेसिंग एजेन्ट
ब्रजेश चन्द्र गुप्ता
गल्ला, दलहन, तिलहन, धान, चावल, आटा, मैदा एवं राइस ब्रान
51/104, शक्करपट्टी (लाल फाटक), कानपुर-208001, फोन: 0512-2350929
ब्रजेश जी : 9415440764, 9839051542
VKD/56


## देसी चना-वर्तमान भाव में रहेगा

5850 ↑ 5750

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** महाराष्ट्र मध्य प्रदेश आंध्र प्रदेश कर्नाटक एवं राजस्थान में इस बार बिजाई अनुकूल नहीं है, जिससे वहां जो नये माल आ रहे हैं, उसके भाव काफी ऊंचे चल रहे हैं। चालू सप्ताह दाल मिलों की मांग ठंडी पड़ जाने से 200 रुपए घटकर लारेंस रोड पर राजस्थानी चना 5750 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास नीचे में बिकने के बाद पुन: 5850 हो गया है। अब फिर उत्पादक मंडियों से पड़ते ऊंचे लगने लगे हैं, अत: यहां भी इसमें घटने की बिल्कुल गुंजाइश नहीं है। वर्तमान में एक महीने के अंतराल शादियां नहीं हैं, जिससे ज्यादा तेजी भी नहीं आएगी, लेकिन दूरगामी परिणाम लाभदायक लग रहा है।

## राजमां चित्रा-ठहरकर तेजी संभव

12600 ↕ 12600

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** राजमां चित्रा का आयात पड़ता वर्तमान के भाव से महंगा लग रहा है, यहां पिछले दिनों की आई तेजी के बाद मुनाफा वसूली पिक वाली घटना से बाजार थोड़ा नीचे आकर रंगत के हिसाब से 122/125 रुपए प्रति किलो के बीच टिका हुआ है। मुंबई में 120/122 रुपए प्रति किलो का व्यापार हो रहा है। आज की तारीख में आयात करने पर 3-4 रुपए प्रति किलो चीन से महंगा पड़ रहा है, इन परिस्थितियों में अब और घटने की गुंजाइश नहीं है। नीचे वाले माल गन्ना साफ सुथरा 9000/9200 रुपए के आसपास बिक रहे हैं। अब इन भावों में गन्ना तथा विदेशी माल फिर लाभ दे जाएगा।

## काबुली चना-अभी और मंदे की उम्मीद

8100 ↓ 8000

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** काबुली चने में इस समय ग्राहकी की भारी कमी बनी हुई है तथा महाराष्ट्र के माल पिछले दिनों के ऊंचे भाव के कारोबारी बिकवाली में आ गए हैं, जिसके चलते यहां गत सप्ताह 5/6 रुपए घटकर महाराष्ट्र के माल 78/80 रुपए प्रति किलो के बीच रह गया है। हम मानते हैं कि पीछे से कोई माल नहीं मिल रहा है, लेकिन अभी कुछ दिन तक शादियों की भी मांग रहेगी, लेकिन उत्पादन में भारी वृद्धि होने से दूरगामी परिणाम बहुत मंदा लगता है। अत: इन परिस्थितियों में वर्तमान भाव के काबली चने को बेचकर निकल जाना चाहिए।

## मोठ-अब माल खरीदिए

4800 ↕ 4800

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** मोठ में भारी गिरावट के बाद 50 रुपए बढ़कर 6350/6400 रुपए प्रति कुंतल भाव हो गए है। मेड़ता नागौर बालोतरा बीकानेर नोहर दौसा डीडवाना आदि सभी मंडियों में इस बार मोठ का स्टॉक जमा हुआ, लेकिन एक सप्ताह में काफी माल कट चुका है, इसे देखते हुए वर्तमान भाव में मोठ का व्यापार करना चाहिए।

# अमेरिकी सोयाबीन वायदा में मंदी

**शिकागो, 25 मार्च।** सप्ताहांत में शिकागो के सोयाबीन वायदा में मंदी आई। कारोबारियों तथा विश्लेषकों ने बताया कि आलोच्य सप्ताह के आरंभ में आई तेजी के बाद सोयाबीन वायदा में नवीनतम मंदी आई। हालांकि गेहूं वायदा तेज हुआ जबकि मक्की मंदी हुई।

शिकागो बोर्ड ऑफ ट्रेड का सर्वाधिक सक्रिय मई वायदा 19-1/2 सैंट मंदा हुआ। साप्ताहिक आधार पर इसमें करीब 6 सैंट की मंदी दर्ज की गई।

एक विश्लेषक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह के आरंभ में आई तेजी के बाद सप्ताहांत में सोयाबीन उल्लेखनीय मंदी लेकर बंद हुआ। इसके साथ ही साप्ताहिक आधार पर भ्री इस वायदा में मंदी आई। उन्होंने आगे बताया कि निर्यात बिक्री कमजोर बनी होने तथा ब्राजील में चल रही सोयाबीन की कटाई की वजह से तेजी का टिक पाना काफी मुश्किल हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सोयाबीन मील तथा सोया



तेल, दोनों, में मंदी दर्ज की गई।

सीबॉट का मई मक्की वायदा सप्ताहांत में 1-1/2 सैंट घटकर बंद हुआ। हालांकि नवीनतम मंदी के बाद भी साप्ताहिक आधार पर इस वायदा में करीब 3 सैंट की तेजी दर्ज की गई।

सर्वाधिक सक्रिय गेहूं वायदा सप्ताहांत में 8 सैंट तेज हुआ। साप्ताहिक आधार पर इस वायदा में करीब 26 सैंट का उछाल दर्ज किया गया। केसी के गेहूं वायदा में सप्ताहांत में 8-1/4 सैंट की तेजी आई। मिन्नेपोलिस का गेहूं वायदा भी 4-1/2 सैंट तेज होकर बंद हुआ। (31)

## प्याज में मंदी-टमाटर में नरमी अन्य सब्जियों में मिला-जुला रुख

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** इस समय विभिन्न मंडियो में प्याज की कीमतों मै नरमी आई हुई है। मंदी आने का मुख्य कारण यह है कि, इस समय उत्पादन मंडियो में प्याज की आवक ज्यादा बताई जा रही है। इसके मूल्य में 25 रुपए की घटोतरी होने से राजस्थान क्वालिटी का प्याज 600/750 रुपए महाराष्ट्र क्वालिटी भी 600/750 रुपए प्रति 40 किलो के न्यूनतम स्तर पर गए हैं। टमाटर की कीमतों में नरमी आई हुई है। जिसके चलते इस समय इसकी बिक्री सर्वाधिक हो रही है। तथा घरेलू खपत के लिए इसका उपयोग अत्यधिक मात्रा में किया जा रहा है। स्थानीय बाजार के व्यापारियों तथा किसानों का कहना है कि, इस समय टमाटर की फसल अधिक हुई है। जिसके चलते इसमें नरमी का रुख बना हुआ है। आगे चलकर इसका बाजार सामान्य बना रहेगा। वहीं दूसरी ओर अन्य सब्जियों में भी खामोशी बनी हुए हैं। अभी आगे चलकर बाजार तेज रहेगा। वहीं दूसरे और नींबू की कीमतों में 10 रुपए की मंदी आने से इसकी कीमत 70/80 रुपए प्रति किलो रह गई है।

## फूलों की डिमांड बढ़ने से तेजी जारी

**गाजीपुर, 25 मार्च ( एनएनएस )** इस समय लोकल मंडियों के अलावा विभिन्न मंडियों में फूलों की आवक मजबूत बनी हुई है। तेजी आने पर चौतरफा ग्राहकी मजबूत बनी हुई है। इस समय फूलों की आवक कश्मीर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों से आ रही है। फूलों की कीमतों में 10/20 रुपए की तेजी आने से गुलाब की कीमत 100/130 रुपए और गेंदा 40/50 जाफरी 5/10 रुपए प्रति किलो हो गये है। यदि इसी तरह के हालात आगे बने रहे तो इसमें और तेजी आने की संभावना लग रही है

## स्टॉक की कमी से पान पत्ता में तेजी

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** पान पत्ता की कीमतों में स्टॉक की कमी होने से इसकी कीमतों में तेजी आई हुई है। कई व्यापारियों कहना है कि, इस समय पान की आवक मंडियों में कम से कम मात्रा में शेष पड़ी हुई है। इससे भी बाजार अत्यधिक प्रभावित हुआ है। इसकी कीमतों में 10/15 रुपए की तेजी आने से बांगला (200 पान) 120/300 रुपए बनारसी हरा (140 पान) 100/200 रुपए छोटी पत्ती नया 270/480 रुपए हो गए हैं। इस समय पान कि आवक महाराष्ट्र तथा कर्नाटक से हो रही है। आगामी दिनों में पान का बाजार आगे मजबूत ही बना रहेगा।

# संपादकीय

## विनिर्माण क्षेत्र सकारात्मक



जैसा कि भारतीय कलैण्डर के हिसाब से वित्त वर्ष 2023-24 सीजन चल रहा है। मीडिया सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुना जा रहा है कि फरवरी माह में वस्तुओं के निर्यात ऑर्डर मिलने की दिशा में बढ़त मिलने की संभावना के चलते विनिर्माण क्षेत्र उत्पादन में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं, जिससे विदेशी निर्यात ऑर्डर मिलने और अन्य देशों की तुलनात्मक घरेलू कीमतें पड़ते में आने से फरवरी में विनिर्माण क्षेत्र को गति प्राप्त हुई है। जानकारों का कहना है कि चालू कलैण्डर वर्ष के फरवरी माह में एचएसबीसी द्वारा एक सर्वे के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र के पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) का आंकड़ा फरवरी में बीते 5 माह के उच्चस्तर 56.9 पर पहुंच गया है, जहां जनवरी में यह 56.5 था। हालांकि 50-51 से ऊपर पॉजीटिव संकेत माना जाता है, यह स्तर ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंकर की रिपोर्ट में कहा गया है, 'उत्पादन क्रमिक स्तर पर बढ़ रहा है और नए ऑर्डर आने की वजह से इसमें तेज बढ़ोतरी हुई है। आधुनिक स्तर पर नई विशेष तकनीकी मशीनों के दम पर और मांग की अनुकूल परिस्थितियों से इसे बल मिल रहा है। विनिर्माण क्षेत्र की बिक्री घरेलू व विदेशी परचेजिंग बढ़ने से एक तो उत्पादन में वृद्धि का संकेत मिल रहा है, जोकि घरेलू जीडीपी पर इसका पॉज़ीटिव प्रभाव देखने को मिलेगा तथा साथ ही ऑर्डर तैयार होकर बाहर निकलने के चलते आउटपुट में वृद्धि से भी घरेलू जीडीपी पर सकारात्मक प्रभाव रहेगा। बीते पांच माह के उच्चस्तर पर है, जिसमें पूंजीगत वस्तुओं की श्रेणी ने अहम भूमिका निभाई है। मीडिया प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार फैक्ट्री ऑर्डर सितंबर के बाद तेजी से बढ़े हैं और यह दीर्घावधि औसत से ऊंचे आने की रिपोर्ट मिली है। सूत्रों से प्राप्त रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नए निर्यात ऑर्डर करीब दो साल में सबसे तेज दर से बढ़े हैं। ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और यूएई मांग में वृद्धि के स्रोत रहे हैं। फरवरी लगातार 32वां महीना है, जब सूचकांक 50 से ऊपर है। सर्वे में 50 से ऊपर के आंकड़े विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि के अलावा इससे नीचे आए आंकड़ों में संकुचन के संकेतक आते हैं। ताज़ा पीएमआई आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा करीब-करीब प्रति माह आंकड़े पेश किये जाते हैं, जिनसे पता चलता है कि भारत की जीडीपी की वृद्धि दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 8.4 फीसदी रही है, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगातार दूसरी तिमाही में दो अंकों की रही है। सर्वे से यह भी पता चलता है कि कच्चे माल पड़ते की संभावना से मांग वृद्धि से इनपुट स्टोर करने में मदद मिली है। वहीं आपूर्ति की डिलिवरी का वक्त व्यापक तौर पर स्थिर रहा है। इसके साथ ही खरीद लागत से जुड़ी महंगाई 43 माह के निचले स्तर पर रही है जिससे बिक्री का मूल्य कम मात्रा में अर्थात् खरीद्दारों के पड़ते में रहा है।

-राजेश गुप्ता

## लालमिर्च : बढ़ने के आसार नहीं

22500 ↕ 22500

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )।** पिछले दिनों आई मंदी के बाद लालमिर्च का उठाव सुस्त बना हुआ है। इसके परिणामस्वरूप यहां 334 नंबर लालमिर्च 22,500 रुपए प्रति क्विंटल के पूर्वस्तर पर ही रुकी रही। हाल ही में इसमें एक हजार रुपए की मंदी आई थी। गुंटूर में साप्ताहिक अवकाश रहा लेकिन इससे पूर्व वहां लालमिर्च की करीब डेढ़ लाख बोरियों की आवक होने तथा कीमत एक दिन पूर्व के स्तर पर ही बनी होने की जानकारी मिली थी। मार्च क्लोजिंग की वजह से बाजार की धारणा प्रभावित हो सकती है। आने वाले एक-दो दिनों में हाजिर में लालमिर्च बढ़ने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

## लौंग : सुस्ती जारी रहेगी

960 ↕ 960

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )।** बढ़ी हुई कीमत पर भी लौंग की बिक्री सुस्त ही बनी हुई है। इसके फलस्वरूप यहां लौंग 960 रुपए प्रति किलोग्राम के पूर्वस्तर पर ही जमी रही। हाल ही में इसमें 10 रुपए की वृद्धि हुई थी। अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपया कमजोर बना होने के कारण बाजार की धारणा प्रभावित हो सकती है। आगामी एक-दो दिनों में हाजिर में लौंग में सुस्ती बनी रह सकती है।

## छोटी इलायची : मंदी नहीं

1650 ↓ 1625

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )।** बढ़ी हुई कीमत पर भी छोटी इलायची का उठाव घट गया है। यही वजह है कि यहां छोटी इलायची साढ़े सात एमएम 25 रुपए मंदी होकर 1625 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई। एक दिन पूर्व इसमें इतनी ही तेजी आई थी। आज हुई कार्डमम ग्रोअर्सफोरएवर प्राइवेट लिमिटेड नीलामी में छोटी इलायची की आवक थोड़ी सुधरकर 18,489 किलोग्राम की होने की जानकारी मिली। आवक तुलनात्मक रूप से ऊंची होने के बाद भी लिवाली मजबूत ही बनी होने से इसकी औसत नीलामी कीमत तेज होकर 1422.02 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पूर्व 14 मार्च को हुई इस नीलामी में यह कीमत 1365.09 रुपए थी। आने वाले एक-दो दिनों में हाजिर में छोटी इलायची में मंदी की आशंका नहीं दिख रही है।

## कालीमिर्च : मजबूती बनी रहेगी

605 ↕ 605

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )।** बढ़ी हुई कीमत पर भी कालीमिर्च का उठाव सुस्त ही बना हुआ है। इसके परिणामस्वरूप यहां कालीमिर्च मरकरा 605 रुपए प्रति किलोग्राम के पूर्वस्तर पर ही स्थिर बनी रही। साप्ताहिक अवकाश के कारण कोच्चि में कामकाज बंद रहा परन्तु इससे पूर्व इसकी आवक नगण्य होने तथा कीमत एक दिन पूर्व के स्तर पर ही बनी होने की रिपोर्ट मिली थी। इससे बाजार की धारणा प्रभावित हो सकती है। आगामी एक-दो दिनों में हाजिर में कालीमिर्च मजबूत ही बनी रह सकती है।

## सौंठ : घटने की आशंका नहीं

38500 ↕ 38500

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )।** बढ़ी हुई कीमत पर भी सौंठ की बिक्री सुस्त ही बनी हुई है। यही वजह है कि यहां सौंठ सामान्य 38,500 रुपए प्रति क्विंटल के पूर्वस्तर पर ही अपरिवर्तित बनी रही। हाल ही में इसमें एक हजार रुपए की तेजी आई थी। कोच्चि में साप्ताहिक अवकाश रहा लेकिन एक दिन पूर्व वहां इसकी आवक नगण्य होने तथा कीमत बी दिन के स्तर पर ही बनी होने की सूचना मिली थी। अदरक की ऊंची कीमत से बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है। आने वाले एक-दो दिनों में हाजिर में सौंठ में मंदी की आशंका नजर नहीं आ रही है।

## पिस्ता : बढ़ने की उम्मीद नहीं

3050 ↕ 3050

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )।** घटी कीमत पर पिस्ते का उठाव सुस्त बना हुआ है। इसके फलस्वरूप यहां पिस्ता पेशावरी 3050 रुपए प्रति किलोग्राम के पूर्वस्तर पर ही टिका रहा। हाल ही में इसमें 200-250 रुपए की गिरावट आई थी। ब्याह-शादियों नहीं होने और आइसक्रीम वालों की लिवाली का भी अभाव बना होने से बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है। आगामी एक-दो दिनों में हाजिर में पिस्ता बढ़ने की उम्मीद नहीं दिख रही है।

# ग्राहकी कमजोर होने से कॉपर, पीतल, जस्ता, निकिल में मंदा

**नई दिल्ली, 25 मार्च ( एनएनएस )** गत सप्ताह होली के धूम धड़ाके एवं लंदन मेटल एक्सचेंज के तेज समाचार से अलौह धातु बाजार में व्यापार कमजोर रहा, जिसके चलते कॉपर पीतल निकिल टिन इंगट तेजी की ऊंचाई के बाद नीचे आ गए। अन्य में स्थिरता रही।

आलोच्य सप्ताह होली मंगल मिलन समारोह सदर बाजार, खारी बावली, नया बाजार, नरेला व बवाना इंडस्ट्रियल एरिया सहित विभिन्न बाजारों में जोरों पर मनाया गया, जिसके चलते बाजारों में व्यापार कमजोर रहा। दूसरी ओर लंदन मेटल एक्सचेंज में बड़े सटोरियों की बिकवाली चलने से वहां भी अधिकतर अलौह धातु के बाजार नीचे आ गए। इसके प्रभाव से यहां कॉपर के विभिन्न स्क्रैप 4 रुपए घटकर प्लांट का आर्मेचर 709 रुपए, भट्टी का 707 रुपए एवं रॉड 782 रुपए प्रति किलो रह गए। इसके समर्थन में पीतल के विभिन्न स्क्रैप भी ऊपर के भाव से एक घटकर 506 रुपए चादरी देसी 519 रुपए एवं हनी 530 रुपए पर आ गए। निकिल भी रूस 1520 से घटकर 1510 रुपए रह गई। इधर टिन इंगट उक्त अवधि के अंतराल माल की शॉर्टेज बनने से इंडोनेशिया का 100 रुपए बढ़कर 2600 रुपए जीएसटी अतिरिक्त बिक गया था, लेकिन सप्ताह के उत्तरार्ध में ग्राहकी का समर्थन नहीं मिलने एवं बाजारों में रुपए की तंगी से फिर लुढ़क कर 2500 रुपए के पूर्व स्तर पर आ गया। जस्ता भी बड़ी कंपनियों द्वारा भाव घटा दिए जाने से 7 रुपए गिरकर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का 224 रुपए एवं ऑस्ट्रेलिया का 229 रुपए रह गया। जापान एवं ईरान के भाव भी 221/223 रुपए के निम्न स्तर पर आ गये। उधर अल्युमिनियम ऊर्जा की शर्तें चारों तरफ पूरे सप्ताह बनी रही तथा यह कमी लगभग एक पखवाड़े से बनी हुई है। यही कारण है कि ग्राहकी कमजोर के बावजूद हाजिर माल की कमी से अल्युमिनियम पुर्जा 2 रुपए और बढ़कर 180 रुपए प्रति किलो का व्यापार हो गया। रॉड के भाव भी शॉर्टेज के चलते 2 रुपए बढ़कर लोकल 221 रुपए एवं कंपनी का 232 रुपए प्रति किलो पर जा पहुंचे। अन्य में मिला-जुला रुख रहा।

# किराना-मेवे-जड़ी बूटी

## किराना

### कालीमिर्च-बड़ी इलायची ( किलो )

( फतेहचन्द मुकुटलाल: 45035229, मो. 9999411551 )
गौरी शंकर सतीश कुमार एण्ड सन्स
( मो. 9810055322, 46122874 )

